# न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

प्रकरण संख्या Raj-D 46/2017 श्री चन्दनसिंह **बनाम** श्री देवीसिंह

| तारीख हुक्म | हुक्म पर कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10–7–2018 | वकील अपीलान्ट व जी.ए. उपस्थित। प्रकरण में हमारे द्वारा अधिनस्थ न्यायालय की पत्रावली के रेकर्ड का अवलोकन कर बहस सुनी गई व पत्रावली के रेकर्ड का अवलोकन किया तो यह पाया कि अधिनस्थ न्यायालय की पत्रावली में पूर्व सूचित दिनांक 26–5–2017 को जो कि दिनांक 9–5–2017 को तय की गई एवं पत्रावली दिनांक 26–5–2017 को लोक अदालत में पेश हुई जहां राजीनामें पर सभी 9 अपीलान्ट वादीगण्रा की आदेशिका एवं राजीनामें पर हस्ताक्षर होकर राजीनामा होना प्रकट है। राजीनामें में निम्नानुसार अंकन किया गया हैः–<br>***"हम वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या–1 देवीसिंह पिता ईश्वरसिंह राजपूत के मध्य आपसी सहमति हो गई है कि देवीसिंह हमारे खाते की वादग्रस्त आराजी नंबर 13, 14, 15, 16, 17, 18 में किसी प्रकार की दखलन्दाजी नहीं करेगा तथा हम वादीगण देवीसिंह के खातेदारी की आराजी नंबर 2599/47 में किसी प्रकार की दखलन्दाजी नहीं करेंगे। हम वदीगण प्रतिवादी संख्या 2, 3 के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। उनके विरूद्ध कार्यवाही ड्रोप की जावे"।***<br>आश्चर्यजनक रूप से अपीलान्ट वादीगण के विधिक सलाहकार अधिवक्ता ने अपीलान्ट की पहचान की है। यानि राजीनामा विधिक सलाह के बाद हुआ है। अपीलान्ट वादीगण अब राजीनामें को अज्ञानता व त्रुटिपूर्ण रूप से हस्ताक्षर करना बताते है, जो निसन्देह रूप से अधिनस्थ न्यायालय की सद्भावी व विधिक कार्यवाही पर निराधार दोषारोपण व कुठाराघात है। अधिनस्थ न्यायालय द्वारा राजीनामें के आधार पर डिक्री पारित की गई है। राजीनामा डिक्री की कोई अपील इस न्यायालय में लाई नहीं होती एवं अपीलान्ट वादीगण राजीनामा में विधिक सलाह के बाद की गई कार्यवाही एस्टोप्ड है। अपीलान्ट | |

की अपील विधि विरूद्ध एवं सारहीन होने से खारिज किये जाने योग्य है।

अपील अपीलान्ट विधि विरूद्ध एवं सारहीन होने से खारिज की जाती है तथा अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय व डिक्री दिनांक 26–5–2017 यथावत रखा जाता है। पर्चा डिक्री जारी हो।

पत्रावलियां बाद पूर्ण प्रविष्टि नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 10–07–2018 को मेरे हस्ताक्षर से खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(एल.एन. मंत्री )
भू–प्रबन्ध अधिकारी
एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी
उदयपुर

| | | |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

न्यायालय भू—प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

प्रकरण संख्या Raj-D 46/2017 श्री चन्दनसिंह **बनाम** श्री देवीसिंह

# डिगरी व सीगे अपील

( ओ.41. रूल 35 जाब्ता दीवानी)

(Civil Procedure Code Appendix 'G'-9)

अज अदालत ................ **भू.प्र.अ. एवं पदेन रा.अ.अ**. .............मुकाम ..............
**उदयपुर** व इजलास ........... **एल.एन. मंत्री आर.ए.एस.** .......................................

श्री गणेश लाल नागदा पिता श्री कालूलाल नादा निवासी पुला शोभागपुरा रोड़ पटवार मण्डल के पास शोभागपुा स्कूल के सामने तहसील गिर्वा जिला उदयपुर

**बनाम**

श्री भंवर लाल पिता श्री तेजपाल कटारिया निवासी 343 भोपालपुरा उदयपुर (राज0) अन्य 10 व सरकार

अपील नं0 84/2012 बनाराजगी डिगरी अदालत ............ सहायक कलक्टर मु0...... ........ उदयपुर ................ मुकाम मुर्क्खे...........27............. माह .............02........... 1993

## दावा बाबत

यह अपील व तारीख ...... 15..... माह ......06.......... सन् 2016 रूबरू... पक्षकारान व हाजरी ....श्री सत्य प्रकाश व्यास ....... मिनजानिब अपीलान्ट व ........श्री संजय बोहरा .... . ......... रेस्पोन्डेन्ट समाअत के लिए पेश होकर हुक्म हुआ कि अतः अपील अपीलान्ट दूषित (Defectiv) होने से खारिज की जाती है तथा अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय दिनांक 27—2—1993 यथावत रखा जाता है।

( खर्चा अपीली हाजा का हस्ब तफसील जेल तादादी मुवलिग ....X.... रूपये..... X ......अदा करें, खर्चा मुकदमा मातहत का ..................... X ...................... अदा करें।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत आज तारीख........15..... माह ...06........ 2016 को जारी किया गया।

**(एल.एन.मंत्री )**
**भू—प्रबन्ध अधिकारी**
**एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी**
**उदयपुर**

## खर्चा अपील

| अपीलान्ट | रू0 | पै0 | रेसपोन्डेन्ट | रू0 | रू0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. स्टाम्प अपील ................<br>2. स्टाम्प वकालत नामा.......<br>3. इजराय हुक्मनामा ............<br>4. वकील फीस बाबत .........<br>मीजान ............<br>. | | | | | |

नोट :— इस खर्चे के फार्म पर फरीकेन का कुल खचार्ज अपील का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो।

न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर

प्रकरण संख्या Raj-D 46/2017 श्री चन्दनसिंह **बनाम** श्री देवीसिंह

# डिगरी व सीगे अपील

( ओ.41. रूल 35 जाब्ता दीवानी)

(Civil Procedure Code Appendix 'G'-9)

अज अदालत ................ **भू.प्र.अ. एवं पदेन रा.अ.अ.** ..............मुकाम ..............
**उदयपुर** व इजलास ........... **एल.एन. मंत्री आर.ए.एस.** .......................................

श्री गांगा पिता देवा डांगी
निवासी खेड़ी तहसील गिर्वा
जिला उदयपुर (राज0)
अन्य –2

**बनाम**

श्री भंवर लाल पिता श्री कालूलाल
निवासी गांव खेड़ी तहसील गिर्वा
जिला उदयपुर (राज0)
अन्य–6

अपील मूत नं0 3/2015 बनाराजगी डिगरी अदालत ............भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी ......उदयपुर ....... मुकाम मुर्ख्खे...........08.............. माह .............07........... 2015

## दावा बाबत

यह अपील व तारीख ...... 25..... माह ......05.......... सन् 2016 रूबरू... पक्षकारान व हाजरी ....श्री मन्नाराम डांगी ....... मिनजानिब अपीलान्ट व ........श्री ....................................... ......... रेस्पोन्डेन्ट समाअत के लिए पेश होकर हुक्म हुआ कि ........................ प्रकरण में वकील अपीलान्ट द्वारा पेश शुदा आवेदन दफा–152 जाब्ता दीवानी का अवलोकन किया गया तो यह पाया गया कि इस न्यायालय द्वारा जारी डिक्री अन्तर्गत प्रकरण संख्या 46/2004 निर्णय दिनांक 8–7–2010 में अंकित आराजी नं0 3261 रकबा 0. 800 हैक्टर लिपिकीय/टंकण त्रुटि से गलत अंकित हो गया है। इसके स्थान पर आराजी नंबर 3231 रकबा 0.0800 हैक्टर अंकित किया जावे।

( खर्चा अपीली हाजा का हस्ब तफसील जेल तादादी मुवलिग ....X.... रूपये..... X ......अदा करें, खर्चा मुकदमा मातहत का ..................... X ...................... अदा करें।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत आज तारीख........14..... माह ...06....... 2016 को जारी किया गया।

**(एल.एन.मंत्री )**
**भू–प्रबन्ध अधिकारी**
**एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी**
**उदयपुर**

## खर्चा अपील

| अपीलान्ट | रू0 | पै0 | रेसपोन्डेन्ट | रू0 | रू0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. स्टाम्प अपील ................<br>6. स्टाम्प वकालत नामा.......<br>7. इजराय हुक्मनामा .............<br>8. वकील फीस बाबत .........<br>मीजान ...........<br>. | | | | | |

नोट :– इस खर्चे के फार्म पर फरीकेन का कुल खचार्ज अपील का, चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो।